दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान अंतिम दौर में। कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार के पांच संसदीय क्षेत्रों से उम्मीदवारों की घोषणा की। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से नहीं हुई पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

---

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। कल शाम इस चरण के लिए चुनाव–प्रचार का शोर थम जाएगा। दूसरे चरण में राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को मतदान होना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज भागलपुर के कहलगांव में एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा कल भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज किशनंगज, पूर्णियां और कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। श्री कुमार भागलपुर में जदयू प्रत्याशी अजय मंडल के पक्ष में रोड–शो भी करेंगे। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी पूर्णियां में इंडी गठबंधन की प्रत्याशी बीमा भारती, कटिहार में तारीक अनवर, भागलपुर में अजीत शर्मा और मुंगेर में अनिता देवी के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम

मांझी तथा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा संयुक्त रूप से उजियारपुर, समस्तीपुर और पूर्णियां लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार के पांच संसदीय क्षेत्रों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सासाराम लोकसभा सीट से मनोज कुमार, पश्चिम चंपारण से मदन मोहन तिवारी और मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से अजय निषाद को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, महाराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह और समस्तीपुर से सन्नी हजारी को पार्टी ने मैदान में उतारा है। मुजफ्फरपुर के निवर्तमान सांसद अजय निषाद भाजपा से टिकट नहीं मिलने के कारण नाराज होकर पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हो गये थे। महाराजगंज से पार्टी उम्मीदवार आकाश प्रसाद सिंह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र हैं। वहीं, समस्तीपुर से प्रत्याशी सन्नी हजारी जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। कांग्रेस ने पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से अभी तक अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपौल संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक पंद्रह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, खगड़िया संसदीय क्षेत्र में बारह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ और मधेपुरा में आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने के काम में तेजी आ गयी है। कल इन क्षेत्रों में छह नामांकन पत्र भरे गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इन संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अप्रैल है। छब्बीस

अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों की श्रृंखला में, आज जानकारी अररिया लोकसभा सीट की। अररिया बिहार के पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

सीमांचल में स्थित अररिया लोकसभा क्षेत्र को राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जाता है। वर्ष उन्नीस सौ सड़सठ में अस्तित्व में आये इस लोकसभा क्षेत्र की पिछले छप्पन वर्षों में तस्वीर भी बदली है और तासीर भी। दो हजार नौ में नया परिसीमन लागू होने के बाद यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गयी। अल्पसंख्यक बहुल इस सीट पर इस बार काफी रोचक मुकाबले के आसार हैं। एनडीए की ओर से भाजपा ने निवर्तमान सांसद प्रदीप सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडी गठबंधन से राजद के टिकट पर सीमांचल के कद्दावर नेता तस्लीमुद्दीन के छोटे पुत्र शाहनवाज आलम चुनावी मैदान में हैं। वे वर्तमान में जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। श्री आलम एआईएमआईएम के टिकट पर चुनाव जीते थे, लेकिन बाद में वे राजद में शामिल हो गये। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदीप सिंह ने राजद के सरफराज आलम को पराजित किया था। यहां एक बात और दिलचस्प है कि पिछले लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों की तीसरी पसंद नोटा का बटन बनी थी। इस बार मुख्य मुकाबला भाजपा के प्रदीप सिंह और राजद के शाहनवाज आलम के बीच है। हालांकि राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम को अपने ही बड़े भाई सरफराज आलम के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वे राजद से टिकट नहीं मिलने से काफी नाराज हैं। अररिया लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें नरपतगंज, सिकटी और फारबिसगंज सीट भाजपा के कब्जे में है। वहीं, रानीगंज से जदयू और अररिया से कांग्रेस के विधायक हैं। जोकीहाट विधानसभा सीट पर राजद का कब्जा है। एनडीए के नेता जहां विकास और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं, वहीं इंडी गठबंधन के नेता क्षेत्र के पिछड़ेपन, उद्योग धंधे की कमी, श्रम शक्ति के पलायन और महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण से पहले लू की स्थिति पर नज़र रखने के लिए कार्य बल गठित किया है। इसमें आयोग, मौसम विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं। यह कार्य बल लू के प्रकोप से निपटने के उपायों की समीक्षा करेगा। निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर शामियाना, पेयजल, पंखे और अन्य ऐसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ अलग से भी समीक्षा बैठक करेगा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान पटना में अवैध सामग्री के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए बत्तीस जगहों पर बॉर्डर चेक पोस्ट बनाए गये हैं। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन एजेंसियों को अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करने और निगरानी के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सत्ताईस मामले दर्ज किये गये हैं।

———————————————————————————

जदयू के पूर्व विधायक जयनंदन यादव राजद में शामिल हो गये हैं। पटना में आयोजित मिलन समारोह में उन्हें राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने  आज प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार छब्बीस अप्रैल तक शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, बांका, जमुई, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर लू चलने की आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर बादल छाये रहने से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली है। राजधानी पटना समेत पच्चीस शहरों के अधिकतम तापामन में कमी दर्ज की गयी है। इस अवधि में इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

कर्मचारी राज्य बीमा निगम– ईएसआईसी ने बिहार में पिछले वर्ष अक्टूबर महीने से इस वर्ष मार्च महीने तक एक लाख इकतीस हजार पांच सौ तिरेपन नए कर्मचारियों को जोड़ा है। इनमें से एक लाख अठारह हजार से अधिक पुरूष और तेरह हजार चार सौ अठ्हत्तर महिलाएं हैं। वहीं, इस अवधि के दौरान ट्रांसजेंडर समुदाय के पांच कर्मचारियों को भी योजना के तहत पंजीकृत किया गया।

———————————————————————————

प्रदेश में किसानों के लिए उपयोगी सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर और सेन्टर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कम्प्यूटिंग – सीडेक ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। इस अवसर पर उपस्थित राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि इस पहल से सटीक मौसम पूर्वानुमान के साथ ही कृषि क्षेत्र में उभरती चैुनौतियों और समस्याओं से निपटने में सहूलियत होगी।

———————————————————————————————

मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या—पांच पर खड़ी श्रमिक एक्सप्रेस में लगी आग बुझाने के क्रम में आरपीएफ के हेड कांस्टेबल विनोद कुमार की मौत हो गयी। आरपीएफ के आईजी अमरेश कुमार सिन्हा ने बताया कि आग बुझाने वाले सिलेंडर में विस्फोट हो जाने के कारण यह हादसा हुआ।

———————————————————————————————

समस्तीपुर के वैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत वैनी गांव में अपराधियों ने एक चिकित्सक को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल चिकित्सक ने बताया कि अपराधियों ने उनसे पंद्रह लाख रूपये रंगदारी की मांग की है।

———————————————————————————————

जमुई जिले के चकाई स्थित एसबीआई की शाखा से पंद्रह लाख रूपये लूट के मामलें में पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी नीरज दास को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————————

पटना के बाईपास थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक निजी कंपनी के कर्मी से हथियार के बल पर लगभग सात लाख रूपये लूट लिये।

———————————————————————————————

आगामी हज यात्रा— दो हजार चौबीस के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गया, पटना और जहानाबाद के जिलाधिकारियों और वरीय पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में यात्रा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये।

———————————————————————————————

गया शहर में गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत मेन पाइपलाइन के रख—रखाव के चलते आज शाम से कल शाम तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

———————————————————————————————

मुंगेर जिला परिषद अध्यक्ष के लिए विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में साधना देवी ने जीत हासिल की है। वे दोवारा जिला परिषद अध्यक्ष चुनी गयी हैं।

———————————————————————————————

गोपालगंज जिले के महमदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत झंझवा गांव के पास तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

वहीं, रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुसाड़ी के पास एक ऑटो–रिक्शा के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गये।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– कांग्रेस ने पटना साहिब छोड़ पांच सीटों के प्रत्याशी घोषित किये।

**दैनिक जागरण** कांग्रेस के हवाले से लिखता है– पीएम का भाषण भड़काऊ, कार्रवाई करे आयोग।

**दैनिक भास्कर** ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान को प्रकाशित करते हुए लिखा है– आप इंडिया की बीमा को चुनें या एनडीए को।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– सूरत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित।

**राष्ट्रीय सहारा** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– इंडिया की नजर माताओं के मंगलसूत्र पर।

**आज** अखबार ने राज्य की चार विभूतियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान अंतिम दौर में। कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

03. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बिहार के पांच संसदीय क्षेत्रों से उम्मीदवारों की घोषणा की। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से नहीं हुई पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।